देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.06.2026
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मजबूत समुद्री क्षमताओं को देश के आर्थिक और सामरिक प्रभाव के लिए निर्णायक बताया। कोलकाता में स्वदेश निर्मित तीन नौसैनिक युद्धपोत राष्ट्र को समर्पित किए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- चारधाम यात्रा और श्री हेमकुंड साहिब यात्रा प्रदेश में सुचारु रूप से जारी, प्रशासन ने यात्रा प्रभावित होने संबंधी अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।
- कुमाऊँ विश्वविद्यालय में विधि पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज के दौर में किसी भी देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति उसके समुद्री सामर्थ्य पर काफी हद तक निर्भर करती है। इसलिए भारत अपनी समुद्री क्षमताओं को लगातार मजबूत कर रहा है। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेश निर्मित तीन युद्धपोतों को भारतीय नौसेना में शामिल करने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। इनमें अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट आई.एन.एस. दुनागिरी, संशोधक और अग्रय शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समुद्री क्षेत्र में रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं और भारत जहाज निर्माण क्षेत्र में नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है।

सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, रोजगार सृजन, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

अल्मोड़ा जिले के दन्या स्थित राजकीय महाविद्यालय में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड भी तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ आयुर्वेद और योग आधारित पर्यटन के क्षेत्र में भी व्यापक कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन फेस्टिवल' की अवधारणा के तहत मेलों और स्थानीय सांस्कृतिक आयोजनों को नई पहचान दी जा रही है। इससे स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था लगातार सशक्त हो रही है।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा और श्री हेमकुंड साहिब यात्रा सामान्य रूप से संचालित हो रही है। रुद्रप्रयाग के नगरासू स्थित गुरुद्वारा साहिब में 20 जून को हुई घटना के संबंध में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा है कि श्री हेमकुंड साहिब यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और सुचारु रूप से जारी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ माध्यमों से यात्रा प्रभावित होने संबंधी भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं, जिनका वास्तविक स्थिति से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें तथा केवल प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

इस बीच, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि गुरुद्वारे के सेवादारों और वहां ठहरे कुछ निहंग सिख यात्रियों के बीच एक विषय को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार संबंधित पक्षों के साथ संवाद कर रही है तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं और यात्रियों का गुरुद्वारे में आवागमन सामान्य रूप से जारी है। लंगर, अरदास और अन्य धार्मिक गतिविधियां भी नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

कुमाऊँ विश्वविद्यालय

कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर तथा उससे संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीए एलएलबी, बीए एलएलबी (ऑनर्स) और बीबीए एलएलबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से 4 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उधर, पौड़ी जिले स्थित गोविंद बल्लभ पंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में नए शैक्षणिक सत्र से तीन नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की गई है। इनमें बीसीए, एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग तथा एमटेक कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शामिल हैं। नए पाठ्यक्रमों के शुरू होने से विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध होंगे।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के लिए राज्य के पर्वतीय जिलों में झोंकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की भी संभावना है।

मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों, विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मौसम की ताजा जानकारी पर नजर रखने तथा आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

विभाग के अनुसार प्रदेश में 22 से 25 जून के बीच मानसून के पहुंचने की संभावना है, जिससे वर्षा गतिविधियों में और वृद्धि हो सकती है।

भारतीय महिला हॉकी

भारतीय महिला हॉकी टीम ने मेजबान न्यूजीलैंड को दो–शून्य से हराकर एफआईएच नेशंस कप का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ भारत ने एफआईएच महिला प्रो लीग में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस जीत पर भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई दी है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

12वें अंतर्रराष्ट्रीय योग दिवस की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले स–चित्र पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर दैनिक जागरण और नवोदय टाइम्स ने सीएम धामी के हवाले से शीर्षक दिया है– उत्तराखंड को योग एवं वेलनेस की वैश्विक राजधानी बनाएंगे।

नीट की पुर्नपरीक्षा सकुशल संपन्न, पर हर केंद्र की फॉरेंसिक जांच होगी– इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है कि नीट–यूजी परीक्षा देश–विदेश के 5 हजार से अधिक केंद्रों पर संपन्न हुई।

रुद्रप्रयाग में गुरुद्वारे पर कब्जे की कोशिश– हिन्दुस्तान की सुर्खी।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के हवाले से उमर उजाला लिखता है– रक्षा मंत्री से उत्तराखंड में सेना की अधिक भर्ती कराने का किया आग्रह